


पेज नं 4 ... खाटू श्याम भजन संध्या देर रात तक खूब जमी


# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

RNI NO. MPHIN38290 (TC)

संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

नीमच, बुधवार
20 मार्च 2024

वर्ष 01, अंक 54, - मूल्य 02 रूपए



E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866


Commodity: Gold 66,731 Silver 78,500 Crude Oil 6,754 Natural Gas 140.00 Aluminium 205.15 Copper 758.00

## खास खबर

### बिजली-खंभे के पास या बिजली लाइनों के नीचे होलिका दहन न करें

**मंदसौर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं तथा आम नागरिकों से सुरक्षित होलिका दहन के लिये अपील की है। कंपनी ने कहा है कि बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर या फिर बिजली की ऐसी लाइनें जिसमें विद्युत प्रवाहित होती है, उनके नीचे होलिका दहन न करें। लाइनों के नीचे होलिका दहन से दुर्घटना की संभावना सदैव बनी रहती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ताओं से अपील की है कि होलिका का आयोजन और होलिका दहन बिजली लाइनों से कुछ हटकर अन्य स्थान पर ही करें। आग की लपटों से एल्यूमिनियम तारों एवं बिजली केबल के गलने, जलने और टूटने की संभावना सदैव रहती है। इनके टूटने या गिरने से कोई भी बड़ी अप्रत्याशित घटना घट सकती है। कंपनी ने सभी बिजली उपभोक्ताओं एवं नागरिक बंधुओं से अपील है कि होलिका दहन बिजली की चालू लाइनों, उपकरणों से दूर करें और प्रसन्नता से त्यौहार मनाये।

### दो किलोग्राम से अधिक अफीम के साथ दो गिरफ्तार।

**चित्तौड़गढ़।** जिले के मंगलवाड़ थाना पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र में दो आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 373 ग्राम अवैध अफीम जब्त व दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। दोंनो अपने पिट्ठू बेग में अफीम छिपाकर ले जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध चलाये गए अभियान के तहत एएसपी परबतसिंह के निर्देशन व डीएसपी बडीसादडी डॉ0 कृष्णा सामरिया के सुपरविजन में सोमवार को एसएचओ मंगलवाड़ रामसिंह उ.नि. मय पुलिस जाप्ता हैड कानि. बाबूलाल, कानि करनलसिंह, शंकरकृष्ण, गजेन्द्रसिंह व दिलीपसिंह मुखबिर की सूचना पर मोरवन टोल व मोरवन चौराया के मध्य सरहद गाडरियावास निम्बाहेडा मंगलवाड स्टेट हाईवे रोड पर पहुंचे। जहां दो व्यक्ति पुलिस जाप्ता व बोलेरो गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हें पकडकर संदिग्ध होने पर तलाशी ली गई तो उनमें से एक गोटारसी थाना हथुनियां जिला प्रतापगढ़ निवासी 32 वर्षीय नारूलाल पुत्र बालमुकन्द रावत मीणा के कब्जेशुदा पीठ पर लटकाये बैग से 1.236 किलोग्राम अवैध अफीम तथा साथी आरोपी उमरखोरी थाना रठांजना जिला प्रतापगढ़ निवासी 34 वर्षीय शंकरलाल पुत्र कालूलाल रावत मीणा के कब्जेशुदा पीठ पर लटकाये बैग से 1.137 किलोग्राम अवैध अफीम जब्त की जाकर हर दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया।






# लोकसभा चुनाव में पहले चरण के लिये आज से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी

**1500 से अधिक मतदाताओं वाले**



**367 मतदान केंद्रों में बनाए जाएंगे सहायक मतदान केंद्र**

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आदर्श आचरण संहिता के बारे में दी जानकारी**

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मंगलवार को निर्वाचन सदन, भोपाल में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के संबंध में प्रभावशील आदर्श आचरण संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि म.प्र. में चार चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। पहले चरण में लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-11 सीधी, क्रमांक-12 शहडोल, क्रमांक-13 जबलपुर, क्रमांक-14 मंडला, क्रमांक-15 बालाघाट एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-16 छिंदवाड़ा में निर्वाचन कराया जायेगा। पहले चरण के लिए बुधवार 20 मार्च से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा गुरुवार 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके प्रत्याशी शनिवार 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार 19 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों में हुए मतदान की मतगणना 4 जून को होगी। वर्तमान स्थिति में मध्यप्रदेश में 5 करोड़ 64 लाख 76 हजार 110 मतदाता हैं। इसमें 2 करोड़ 90 लाख 13 हजार 307 पुरुष मतदाता, 2 करोड़ 74 लाख 61 हजार 575 महिला मतदाता एवं 1 हजार 228 अन्य (थर्ड जेन्डर) मतदाता शामिल हैं।

**367 सहायक मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे**

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 64 हजार 523 है। 1500 से अधिक मतदाताओं वाले चिन्हित 367 मतदान केंद्रों में सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदाता पर्ची का वितरण पृथक-पृथक चरणों में मतदान तिथि से 10 दिन पहले प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह कार्य मतदान दिवस के 5 दिन पहले ही पूरा कर लिया जायेगा।

**उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी**

श्री राजन ने बताया कि निर्वाचन में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट 222.ceo-madhyapradesh.nic.in पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी, जिससे मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें। साथ ही राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी। प्रत्याशी के चयन के 48 घंटे में समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं पार्टी की वेबसाइट पर फॉर्म सी-7 में प्रकाशित करना होगा।

**सभी जिलों में कंट्रोल रूम एवं शिकायत सेल क्रियाशील**

श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ ही पूरे प्रदेश में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों एवं राज्य तथा केन्द्र की सरकार पर आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लागू है। सभी जिलों में कंट्रोल रूम एवं शिकायत सेल क्रियाशील हो गए हैं।

सभी लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में संपत्ति विरुपण के विरूद्ध कार्रवाई सतत् जारी है। अब तक शासकीय भवन से 2 लाख 76 हजार 892, सार्वजनिक सम्पत्ति एक लाख 88 हजार 203 और निजी सम्पत्ति 57 हजार 992 स्थानों पर सम्पत्ति विरुपण के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

**निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए सी-विजिल एप**

श्री राजन ने बताया कि नागरिकों को निर्वाचन संबंधी शिकायतें करने के लिए सी-विजिल एप उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी कोई भी लाइव फोटो, वीडियो एवं ऑडियो शिकायत के रूप में उपलब्ध कराते हैं, तो अगले 100 मिनट में शिकायत पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान रात 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

**चुनाव प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख रुपए तक व्यय कर सकेंगे**

श्री राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित है। इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/ प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

**नामांकन दाखिल करने के दौरान अभ्यर्थी सहित पाँच व्यक्तियों की अनुमति रहेगी**

श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने के दौरान अभ्यर्थी को अधिकतम 3 वाहन एवं अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी।

इसी प्रकार मतदान के दिन अभ्यर्थी, उसके इलेक्शन एजेंट तथा अभ्यर्थी के इलेक्शन एजेंट/वर्कर/पार्टी वर्कर को सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये केवल एक-एक वाहन की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार में उपयोग किए जाने वाले सभी वाहनों की अनुमति लेकर अनुमति पत्र/पास वाहन की विंड स्क्रीन पर मूलतः प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। रैली के लिए किराए/भाड़े पर लिए गए व्यावसायिक वाहनों के लिए सभी खर्च प्रचार व्यय लेखे में शामिल किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा भाग ली गई रैली/प्रदर्शित फोटो/मंच साझा करने आदि पर किये गये सभी व्यय भी अभ्यर्थी के प्रचार व्यय लेखे में जोड़े जायेंगे। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री, श्री बसंत कुर्रे, श्री तरूण राठी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद शुक्ला तथा सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# टोडरमल जयंती पर नगर में पोरवाल समाज द्वारा निकाला भव्य चल समारोह



**कुकड़ेश्वर ( हर्षित माहेश्वरी )।** राजा टोडरमल जयंती के अवसर पर पोरवाल समाज के समाजजनों की उपस्थिति में विशाल चल समारोह लक्ष्मी नाथ गढ़िया मंदिर से बड़ी धूमधाम के साथ चल समारोह बैंड बाजे और ढोल धमाको के साथ नगर मे निकला जिसमे राजा टोडरमल जी का रथ भगवान लक्ष्मी नाथ जी के वेवान समाजजनों द्वारा उठा रखा था।चल समारोह में महिलाएं केसरिया वस्त्र तो पुरुष सफेद वस्त्र धारण किए हुए थे जल समारोह जैन मंदिर चंपा बाजार भावसार मंदिर वार्ड नंबर 1 तंबोली चौक नीम चौक झंडा चौक सदर बाजार भटवाड़ा मोहल्ला मुखर्जी चौक बस स्टैंड भारत माता चौराहा मीणा चौक होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला पहुंचा जहां पर सभी समाजजनों की उपस्थिति में पूजा अर्चना की गई। साथ ही चल समारोह का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ चल समारोह में युवक युवतियां महिलाए पुरुष आनंद और उत्सव के साथ नाचते गाते चल रहे थे।

वही पर चल समारोह में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

# महिला अंतर्राष्ट्रीय दिवस पखवाड़े पर महिला काव्य गोष्ठी संपन्न



**नीमच।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम पखवाड़े के तहत अंतराष्ट्रीय संगम मंच के तत्वाधान में महिला काव्य गोष्ठी का आयोजन गायत्री मंदिर के सभागार में रामायण के पात्र और महिला शक्ति पर काव्य पाठ किया गया। जिसमे पंकज धींग,पूनम भारती, पुष्पलता सक्सेना, प्रियंका कवीश्वर, निर्मला अग्रवाल, रेणुका व्यास,वर्षा पटवा, आशा सांभर, संगीता दरक, अवंतिका गुप्ता,गीता शर्मा, ने रचना पाठ किया।

इस गोष्ठी का आयोजन अंतराष्ट्रीय कवि संगम मंच की अध्यक्ष स्नेहलता राजावत द्वारा किया गया।

इसकी मुख्य अतिथि श्रीमती बीना चौधरी, हिंदी व्याख्याता गर्ल्स कॉलेज नीमच रही इसमें रसिक श्रोताओं ने सुनकर आनंद की अनुभूति प्राप्त की। कार्यक्रम में चौधरी मैडम ने वर्तमान महिला व बालिका संबंधित जटिलताओं पर प्रकाश डाला। साथ ही अजय चौधरी ने वक्तव्य दिया जिसमें वर्तमान नारी की जागरूकता और आज की शिक्षित नारी पर अपना पक्ष रखा।

काव्य पाठ के समापन के पश्चात श्रीमती स्नेह लता राजावत द्वारा राष्ट्रीय कवि संगम मंच जिला नीमच उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति देने की घोषणा की, साथ ही अजय चौधरी को संगठन मंत्री के पद पर नियुक्ति देने की घोषणा की, जिसका हाल में उपस्थित सभी जनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया

कार्यक्रम श्रीमती राजावत के सहयोग से पूर्ण हुआ कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रेणुका व्यास ने किया। मुख्य अतिथि एवम श्रीमती राजावत द्वारा रचनाकारों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। श्रीमती पुष्पलता सक्सेना ने कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार माना।

# बूथ जीता तो चुनाव जीता के आधार पर कार्य करें- सुधीर गुप्ता

## रामपुरा व मनासा मंडल की बैठक संपन्न



**मंदसौर/नीमच।** हमें अपने हर बूथ पर विजयश्री का पताका लहराना है। बूथ जीता तो चुनाव जीता की धारणा पर कार्य करना है। उक्त बात सांसद सुधीर गुप्ता ने रामपुरा व मनासा मंडल की बैठक के दौरान कही।

मंगलवार को रामपुरा व मनासा मंडल की बैठक संपन्न हुई। सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में भाजपा प्रत्याशी व सांसद गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने विश्व में देश का मान बढ़ाया है। आज सभी भारत की ओर उम्मीदों की नजर से देख रहे है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र व हर वर्ग का कल्याण के लिए कार्य किया है। आज देश में रेलवे हो या इंफ्रास्ट्रचर हो या फिर गरीब कल्याण के लिए अनेक योजनाएं। हमें योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। विधायक माधव मारू ने कहा कि सभी को अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करना है। सभी को हर बूथ पर भाजपा के पक्ष में मतदान करवाकर भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को विजय दिलानी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को जिताना है। क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करना है। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्षों ने हर बूथ पर भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प लिया। उन्होने कहा कि मोदी सरकार की हर बूथ पर भाजपा की जीत होगी। सभी को अपने-अपने दायित्व सौप दिए गए है। प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी तरह से जुट जाएं और भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को विजयी बनाकर एक बार फिर देश में मोदी सरकार बनानी है ताकि देश और संसदीय क्षेत्र का विकास का चक्र निरंतर चलता रहे। इसी के साथ ही सांसद सुधीर गुप्ता ने मनासा नगर में अधिवक्ता से संवाद कर चर्चा की। बैठक में कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू, मंडल अध्यक्ष गोपाल गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत हरित, मंडल अध्यक्ष कैलाश पुरोहित सहित अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीएम राइज स्कूलों के सुरक्षा गार्डों की नौकरियों पर मंडराया संकट




**भोपाल।** प्रदेश के सभी सीएम राइज स्कूलों में एमपी कॉन लिमिटेड द्वारा नियुक्त किए गए सुरक्षा गार्डों और सफाई कर्मियों की नौकरियों पर संकट मंडराने लगा है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रदेश में वर्तमान में स्वीकृत एवं क्रियान्वित लगभग 272 स्कूलों में एमपी कॉन लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्डों और सफाईकर्मियों को आउट सोर्सिंग तरीके से नियुक्तियाँ दी गई थी लेकिन अब एमपी कॉन लिमिटेड ने इससे अपने हाथ खींच लिए हैं।एमपी कॉन लिमिटेड द्वारा 12 मार्च 2024 को लोक शिक्षण संचालनालय को लिखे गए पत्र में इस बात का खुलासा करते हुए बताया कि वर्षों से स्कूलों को नौकरियों के माध्यम से मानव संसाधन सुचारू रूप से उपलब्ध कराए जा रहे थे लेकिन अब चूँकि एमपी कॉन लिमिटेड यह कार्य अब निरन्तर जारी नहीं रख सकेगा क्योंकि अगले तीन महीने बाद एमपी कॉन लिमिटेड का स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया गया अनुबंध स्वतः समाप्त हो जाएगा। ऐसी स्थिति में एमपी कॉन लिमिटेड के माध्यम से सीएम राइज स्कूलों में नियुक्त और कार्यरत सभी सुरक्षा गार्ड एवं सफाईकर्मियों की नौकरियों पर खतरा मंडराते हुए दिखाई दे रहा है और यदि ऐसा हुआ तो सैकड़ों महिला-पुरूष और युवा फिर से बेरोजगार हो जाएँगे। अब देखना यह है कि ऐसी स्थिति में क्या स्कूल शिक्षा विभाग सीएम राइज स्कूलों की व्यवस्थाएँ सुचारू रखने के लिए एमपी कॉन लिमिटेड से नया अनुबंध करेगा अथवा कोई नई आउट सोर्स कम्पनी यह व्यवस्था देखेगी।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में चलाये जायेंगे विशेष मतदाता जागरुकता वाहन

**भोपाल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिये 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाये जायेंगे। मतदाता जागरुकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

मुख्य निवार्चन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि विगत विधानसभा निर्वाचन- 2023 में प्रदेश के 26 जिलों के 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 75 फीसदी से कम था, इन विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

ऐसे चिन्हित 75 विधानसभा क्षेत्रों में एक माह तक जागरुकता प्रचार वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व और लोकतंत्र में उनके एक वोट की क्या कीमत है, इसके बारे में जागरूक किया जाएगा। मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन का शुभारंभ 20 मार्च को होगा।

**इन जिलों में जागरुकता वाहन चलाया जाएगा**

मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, दतिया, गुना, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, कटनी, जबलपुर, भोपाल, देवास, खण्डवा, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इन्दौर, उज्जैन और रतलाम जिले की विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाये जायेंगे।

# कलेक्टर श्री जैन ने जिला अधिकारियों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई



**नीमच।** नीमच जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत मंगलवार को जिला अधिकारियों की बैठक में सभी जिला अधिकारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश जैन ने सभी को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नैतिक मतदान करने और अन्य मतदाताओं को भी नैतिक मतदान करने हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्वीप नोडल अधिकारी श्री गुरूप्रसाद, एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर राजेश शाह, सुश्री प्रीती संघवी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, नेशनल लेवल मास्टर टेनर डॉ.राजेश पाटीदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# ए.एम. पर लगे भ्रस्टाचार के गंभीर आरोप, ग्रामीण पहुंचे कलेक्टर कार्यालय, सोपा ज्ञापन

**नीमच।** नीमच में पदस्थ ए.एम.अंकित अवस्थी पर ग्राम सुवाखेड़ा के ग्रामीणों ने भ्रस्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुवे कार्यवाही की मांग को लेकर एक ज्ञापन श्रीमती सी ई ओ महोदया मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण मध्य प्रदेश शासन के नाम सौंपा

जिसमें बताया गया कि मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण जिला नीमच में पदस्थ ए एम अंकित अवस्थी ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ रखी है ये अधिकारी नीमच मंदसौर जिले में पिछले 5 वर्षों से पदस्थ हे और भ्रष्टाचार में लिप्त हे इनके द्वारा पैसों की वसूली की जा रही है और ठेकेदारों को पैसे के लिए परेशान किया जा रहा है साथी ही ग्राम वासियों को भी परेशान किया जा रहा है समय पर काम नहीं करने दिया जाता है ।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त अधिकारी को ऑफिस अटैच किया जाए जिससे कार्य सुचारू रूप से किए जा सके।

# मार्च के अंतिम सप्ताह में आने वाले है सभी के त्यौंहार, होली के साथ मनेगें अनेक त्यौहार

**नीमच।** मार्च माह के अंत में सर्व समाज अपनी-अपनी परम्परा और मान्यताओं के अनुसार पूजा-पाठ, व्रत त्योहार, ईबादत ओर प्रार्थना करेगा। मंदिर, मस्जिद और चर्चे में विशेष आयोजन होंगे। बता दे को 24 मार्च को होलिका दहन होगा,25 को धुलेंडी मनाई जाएगी।वही दाऊदी बोहरा-मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह रमजान भी चल रहा है और माह के अंत में ईद मनाई जाएगी। 29 मार्च को ईसाई समाजजन गुडफ्राइडे और 30 मार्च को ईस्टर सटरडे, और 31 को इस्टर डे मनाया जाएगा।रंगों का पर्व होली भी नजदीक है जिसको लेकर भी बाजार सज चुके है, इस माह की 24 तारीख की रात को परंपरा अनुसार होलिका दहन किया जाएगा। दूसरे दिन धुलेंडी का पर्व मनाया जाएगा, 30 मार्च को रंगपंचमी से पूरा शहर सराबोर होगा, सामाजिक स्तर पर मंदिरों पर शहर में फागोत्सव की भी शुरुआत हो चुकी है। 17 मार्च से होलाष्टक शुरूहो जाएगा, जो होलिका दहन पर समाप्त होगा।ईसाई समाज की ओर से 29 मार्च को गुडफ्राइडे मनाया जाएगा, जबकि 30 मार्च को ईस्टर सटरडे रहेंगा। 31 मार्च को इस्टर डे के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन ईसाई समाजजन चर्च में पहुंचकर विशेष आराधना करेंगे, मुस्लिम व दाऊदी बोहरा समाज के धर्मावलंबियों का पवित्र माह रमजान चल रहा है। समाज की हर शख्स खुदा की ईबादत कर रहा है।इस दौरान शहर की प्रमुख मस्जिदों में नमाज के समय काफी चहल पहल रहती है। रमजान माह के समापन पर ईद का पर्व मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियों में मुस्लिम धर्मावलंबी परिवार सहित जुटे हुए हैं।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# Deepti Sharma: घर वालों के सामने क्रिकेट खेलने की रखी जिद्द, भाई का मिला साथ और बन गईं सुपरस्टार; WPL में अब रचा इतिहास



**भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने विमेंस प्रीमियर लीग 2024 (WPL 2024 ) में शानदार प्रदर्शन कर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया। दीप्ति शर्मा डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली पहली महिला भारतीय गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने यह उपलब्धि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 8 मार्च को हासिल की थी जब उन्होंने अपने घातक प्रदर्शन की मदद से यूपी को 1 रन से मैच जिताया था।**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने विमेंस प्रीमियर लीग 2024 (WPL 2024) में शानदार प्रदर्शन कर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया। दीप्ति शर्मा डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली पहली महिला भारतीय गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति ने यह उपलब्धि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 8 मार्च को हासिल की थी, जब उन्होंने अपने घातक प्रदर्शन से यूपी वॉरियर्स को एक रन से मुकाबला जिताने में अहम मदद की थी। हालांकि, यूपी की टम प्लेऑफ की रेससे फिर भी बाहर हो गई। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए आज जानते हैं दीप्ति शर्मा के यहां तक के सफर की पूरी कहानी।

**Deepti Sharma बनीं WPL में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय गेंदबाज**

दरअसल, दीप्ति शर्मा गेंद और बल्ले दोनों से धमाल मचाने में माहिर हैं। यूपी वॉरियर्स की तरफ से खेलते हुए दीप्ति शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 48 गेंदों का सामना करते हुए 59 रनों की पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। गेंद से दीप्ति शर्मा ने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 बड़े विकेट झटके थे।

**दीप्ति शर्मा ने परिवार वालों से की थी क्रिकेट खेलने की जिद्द**

बता दें कि दीप्ति शर्मा आगरा के एक मामूली परिवार से हैं, जहां लड़कियों पर पांबदी लगाई जाती हैं, लेकिन फिर भी दीप्ति शर्मा ने अपने परिवार के आगे क्रिकेट खेलने की जिद्द रखी और उनकी एक जिद्द ने उनकी किस्मत ही पलट दी।

दीप्ति को उनकी मेहनत के अलावा उनके भाई का खास सपोर्ट मिला। 9 साल की उम्र में क्रिकेट खेलने से लेकर आज महिला प्रीमियर लीग में अपनी चमक बिखेरने तक दीप्ति का सफर आसान नहीं रहा। दीप्ति के पिता रेलवे में काम करते हैं। उन्हें बाद में माता-पिता दोनों का साथ मिला। दीप्ति के भाई सुमित तेज गेंदबाज रहे और अंडर 19 और अंडर 23 में यूपी की तरफ से खेल चुके हैं। सुमित को देखकर ही दीप्ति ने बचपन में घरवालों से भाई की एकादमी देखने की जिद्द की और फिर वहां भाई को देखकर उन्हें इस खेल में रुचि बनीं।

इसके बाद सुमित ने भी कम उम्र में दीप्ति के टेलैंट को पहचान लिया था और उन्हें ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए उन्होंने अपना करियर दांव पर लगाया।

बता दें कि करियर की शुरुआत में दीप्ति मध्यम गति की गेंदबाज थीं, लेकिन ऑफ स्पिन गेंदबाजी की तरफ शिफ्ट करना उनके लिए टर्निंग प्वाइंट रहा। वह गेंदबाज से स्पिन गेंदबाज बनीं और यूपी टीम के लिए उन्होंने अपना घातक प्रदर्शन दिखाकर हर किसी का दिल जीत लिया।

**दीप्ति शर्मा को मिला WPL 2024 मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का अवॉर्ड**

दीप्ति शर्मा को डब्ल्यूपीएल 2024 में बल्ले से 295 रन और 10 विकेट लेने के बाद मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला।

दीप्ति ने पूरे टूर्नामेंट में 8 मैच में 295 रन बनाए। उनका नाबाद 88 रन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वहीं, 8 मैचों में 21 की औसत से उन्होंने 10 विकेट लिए।

# बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकें बैंक, ग्राहकों को दें महत्व




**वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी का कहना है कि वित्तीय सेवा विभाग ( छ्स्नस्) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि इन मामलों को देखते हुए बैंकों को संवेदनशील बनाया गया है।**

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से बीमा उत्पादों की गलत बिक्री रोकने के लिए कहा है। साथ ही खाताधारकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा है। वित्तीय सेवाओं के सचिव विवेक जोशी का कहना है कि वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि बैंक और जीवन बीमा कंपनियां ग्राहकों से पॉलिसी खरीदने के लिए धोखाधड़ी वाले और अनैतिक तरीके अपना रही हैं। जोशी ने कहा कि इन मामलों को देखते हुए बैंकों को संवेदनशील बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बैंकों से खाताधारकों के हितों को सबसे अधिक महत्व देने को कहा गया है। कई मामले ऐसे भी सामने आए हैं जिनमें दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में 75 वर्ष से अधिक आयु के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी बेची गई हैं। सामान्यतया बैंक अपनी सहायक बीमा कंपनियों के उत्पाद बेचने की कोशिश करते हैं। अगर ग्राहक इसका विरोध करते हैं, तो शाखा अधिकारी ऊपर से दबाव की बात कहते हैं। जब ग्राहक किसी प्रकार का कर्ज लेने या सावधि जमा में निवेश करने जाते हैं, तो उन्हें बीमा उत्पाद बेचने की कोशिश की जाती है। जोशी ने बताया कि बैंकों को अपने गोल्ड लोन पोर्टफोलियो की समीक्षा करने के लिए कहा गया है।

सरकारी की ओर से जारी नियमों का पालन नहीं करने पर यह निर्देश दिया गया है।

# इस हफ्ते कैसा रहेगा शेयर बाजार का माहौल

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते शेयर बाजार का मिजाज कैसा रहेगा, यह काफी हद तक अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर वाले फैसले से तय होगा। साथ ही, ग्लोबल मार्केट्स का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव को प्रभावित करेंगी। यह ओपिनियन है शेयर मार्केट के जानकारों की। अगर पिछले हफ्ते की बात करें, तो छोटी और मझोली कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट, विदेशी फंड्स की निकासी और इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल की ऊंची कीमतों ने निवेशकों की सोच पर असर डाला। शेयर बाजार के जानकारों का कहना है कि इस हफ्ते दुनिया के बहुत से सेंट्रल बैंक मौद्रिक नीति अपना रुख बताएंगे। इसकी वजह से भारतीय बाजार में उतार-चढ़ाव नजर आ सकता है। अमेरिका का फेडरल रिजर्व 20 मार्च को ब्याज दरों पर अपना फैसला बताएगा। वहीं, चीन एक साल और पांच साल के कर्ज पर प्रमुख दरों का ऐलान करेगा। बैंक ऑफ जापान (BOJ) 19 मार्च को ब्याज दर तय करेगा। जापान में 22 मार्च को महंगाई के आंकड़े भी जारी होंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रिटेल रिसर्च के हेड सिद्धार्थ खेमका का कहना है कि अगर आर्थिक नजरिए से देखें, तो यह हफ्ता काफी अहम होने वाला है। ऐसे में हमारा मानना है कि शॉर्ट टर्म में बाजार में अनिश्चितता का माहौल रहेगा। अगर विदेशी सेंट्रल बैंकों का फैसला भारतीय शेयर बाजार को पसंद आता है, तो इसमें बढ़ोतरी हो सकती है, नहीं तो गिरावट का भी डर है।

**पिछले हफ्ते 1.99 प्रतिशत गिरा था सेंसेक्स**

पिछले हफ्ते बीएसई का 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 1.99 प्रतिशत यानी 1,475.96 अंकों की गिरावट आई। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 2.09 प्रतिशत यानी 470.2 अंक टूट गया।




# क्रेडिट कार्ड यूज करते हैं तो इन पांच बातों का रखें ध्यान, नहीं तो फंस जाएंगे कर्ज के जाल में

**अगर क्रेडिट कार्ड का सोच समझकर इस्तेमाल किया जाए तो यह हमारे लिए काफी उपयोगी हो सकता है। इससे आप सैलरी खत्म होने के बाद बिजली या पानी का बिल चुका सकते हैं। लेकिन कई बार क्रेडिट कार्ड का यूज लोग फिजूलखर्ची के लिए करने लगते हैं। इससे कर्ज के जाल में फंसने का खतरा रहता है जिससे निकलना मुश्किल हो सकता है।**




**नई दिल्ली।** कई बार सैलरी खत्म होने के बाद हमें शॉपिंग या किसी और काम के लिए पैसों की जरूरत पड़ जाती है। ऐसे में हम इस्तेमाल करते हैं अपना क्रेडिट कार्ड। बेशक यह हमारी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से काफी सुविधाजनक है, लेकिन अगर इसका इस्तेमाल समझ-बूझकर ना किया जाए, तो यह परेशानी का सबब भी बन सकता है।

**चुकाना पड़ सकता है भारी ब्याज**

क्रेडिट कार्ड पैसों की फौरी जरूरत को पूरा तो कर देता है, लेकिन अगर आप समय से बिल नहीं चुका पाते, तो आपको 30 फीसदी या इससे अधिक ब्याज चुकाना पड़ सकता है। ऐसे में समय पर बिल चुकाने के लिए आपको दोस्तों या रिश्तेदारों से उधार लेना पड़ सकता है और फिर आप कर्ज के जाल में फंसते जाएंगे।

**ऑफर-डिस्काउंट के लालच से दूरी**

कई बार हमें ईकॉमर्स साइट पर काफी लुभावने ऑफर दिख जाते हैं और हम अपना क्रेडिट कार्ड निकाल लेते हैं। लेकिन, हमें ध्यान रखना चाहिए कि क्रेडिट कार्ड से किया गया खर्च कर्ज ही होता है। ऐसे में हमें हमेशा खर्च अपनी जरूरत के हिसाब से ही करना चाहिए और ऑफर के जाल में नहीं फंसना चाहिए।

**एक से ज्यादा क्रेडिट कार्ड ना लें**

एक से अधिक क्रेडिट कार्ड रखने पर उन्हें संभालने का मसला होता है। कई बार समय से बिल भरना भी मुश्किल हो जाता है। साथ ही, इसके साथ एनुअल फीस जैसे खर्च भी जुड़े होते हैं। एक से ज्यादा क्रेडिट कार्ड होने पर फिजूलखर्ची की लत भी लग सकती है। ऐसे में क्रेडिट कार्ड लेने से पहले आपको खुद से सवाल करना चाहिए कि आपको क्रेडिट कार्ड क्यों चाहिए और एक से आपका काम क्यों नहीं चल सकता।

**क्रेडिट स्कोर भी हो सकता है खराब**

क्रेडिट कार्ड हाथ में होने पर हम आंख बंद करके खर्च करने लगते हैं। लेकिन, हमें लिमिट का 30 प्रतिशत तक ही खर्च करना चाहिए। इससे ज्यादा खर्च करने पर क्रेडिट यूटिलाइजेशन रेशियो बढ़ जाता है। आसान शब्दों में कहें, तो यह कर्ज पर ज्यादा निर्भर होने का संकेत है। इससे क्रेडिट स्कोर पर बुरा असर पड़ता है।

**कैश निकालना घाटे का सौदा**

क्रेडिट कार्ड से कैश निकालने से बचना चाहिए। इसमें आपको ब्याज के अलावा दूसरे चार्ज भी देने पड़ते हैं, जो निकाले गए कैश के 2.5 से 3 फीसदी तक हो सकते हैं। आपको पैसा निकालने वाले दिन से ही ब्याज देना पड़ता है। बैंक इसके लिए तगड़ा चार्ज भी वसूल सकता है, जो हर बैंक के लिए अलग-अलग होता है।

**अचानक क्लोज न करवाएं कार्ड**

कई बार दो क्रेडिट कार्ड होने पर लोग अचानक से एक बंद करा देते हैं। लेकिन, इससे क्रेडिट यूटिलाइजेशन रेशियो बढ़ सकता है। यह रेशियो पहले दो कार्ड्स में बंटा था, जो अब एक ही कार्ड पर निर्भर हो जाएगा।

# टीसीएस के 2.34 करोड़ शेयर बेचेगी टाटा संस

**एक टर्मशीट के अनुसार इस शेयर बिक्री से टाटा संस को 9362 करोड़ रुपये मिलेंगे। यह टीसीएस की 0.65 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। शेयर बाजारों के डाटा के अनुसार 31 दिसंबर 2023 को टीसीएस में टाटा संस की 72.4 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। यह शेयर बिक्री 4001 रुपये प्रति इकाई की दर पर होगी। यह सोमवार के मूल्य 4152.5 रुपये से 3.7 प्रतिशत कम है।**

यह शेयर बिक्री 4,001 रुपये प्रति इकाई की दर पर होगी। यह सोमवार के मूल्य 4,152.5 रुपये से 3.7 प्रतिशत कम है। हालांकि, इस रिपोर्ट पर टाटा संस और टीसीएस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस रिपोर्ट के बाद सोमवार को टीसीएस के शेयर 1.6 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। समय टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 15 लाख करोड़ रुपये के करीब है और यह पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद




**मुंबई।** टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के 2.34 करोड़ शेयर बेचने की योजना बना रही है। एक टर्मशीट के अनुसार, इस शेयर बिक्री से टाटा संस को 9,362 करोड़ रुपये मिलेंगे। यह टीसीएस की 0.65 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। शेयर बाजारों के डाटा के अनुसार, 31 दिसंबर 2023 को टीसीएस में टाटा संस की 72.4 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। देश की दूसरी सबसे बड़ी मूल्यवान कंपनी है।

**टीसीएस शेयर प्राइस**

सोमवार यानी 18 मार्च को टीसीएस के शेयर की कीमत 4,219.25 रुपये थी लेकिन बाजार बंद होते-होते ये घटकर 4144.25 रुपये प्रति शेयर पर आ गया। देश की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी टीसीएस के शेयरों ने निवेशकों को पिछले 6 महीने में 14.92 प्रतिशत का मुनाफा दिया है।

# अफगानिस्तान के आगे चारों खाने चित हुआ आयरलैंड, इब्राहिम, ओमारजई और नवीन ने किया तगड़ा प्रदर्शन




**अफगानिस्तान ने सोमवार को आयरलैंड को तीसरे व अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में 57 रन से मात दी। इस जीत के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। अफगानिस्तान के लिए तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में इब्राहिम जदरान नवीन उल हक और अजमतुल्लाह ओमारजई ने शानदार प्रदर्शन किया। राशिद खान को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।**

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान ने सोमवार को तीसरे व अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में आयरलैंड को 57 रन से मात दी। इसी के साथ अफगानिस्तान ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। शारजाह में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 155 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड की टीम 17.2 ओवर में 98 रन पर ऑलआउट हुई। इब्राहिम जदरान (72*) को प्लेयर ऑफ द मैच व राशिद खान (33 रन और 8 विकेट) को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

**नवीन-ओमारजई के सामने सरेंडर**

156 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। नवीन उल हक ने एंडी बालबिर्नी (9) को क्लीन बोल्ड किया। यहां से आयरलैंड के विकेटों का सिलसिला जो शुरू हुआ तो वो 100 रन के भीतर ही ऑलआउट हो गई। अगली ही गेंद पर नवीन ने लोर्कन टकर को क्लीन बोल्ड किया।

फजलहक फारूकी ने आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग (4) को बोल्ड करके आयरलैंड को तीसरा झटका दिया। आयरिश टीम इन झटकों से पूरी पारी के दौरान नहीं उबर पाई। केवल तीन बल्लेबाज हैरी टेक्टर (16), कर्टिस कैंफर (28) और गारेथ डेलानी (21) दहाई संख्या में रन बना सके। अफगानिस्तान की तरफ से अजमतुल्लाह ओमारजई ने 4 ओवर में 9 रन देकर चार विकेट झटके। नवीन उल हक ने तीन विकेट चटकाए। फजलहक फारूकी, राशिद खान और नानगेयालिया खरोटे को एक-एक सफलता मिली।

**जदरान ने जड़ा दमदार अर्धशतक**

इससे पहले आयरलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 155 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। रहमानुल्लाह गुरबाज (6) को एडेर ने टेक्टर के हाथों कैच आउट कराया। फिर इब्राहिम जदरान क्रीज पर आए, जिन्होंने एक छोर संभाले रखा, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें अच्छा साथ नहीं मिला।

डेलानी ने अपनी ही गेंद पर दूसरे अफगानी ओपनर सेदीकुल्लाह अटल (19) का कैच लपका। ओमारजई (3) को कैंफर ने लिटलि के हाथों कैच आउट कराया। मोहम्मद इशाक (27) ने जदरान का अच्छा साथ निभाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 54 रन की अर्धशतकीय साझेदारी की।

व्हाइट ने इशाक को स्टर्लिंग के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद मोहम्मद नबी (6), राशिद खान (3) और इजाज अहमद अहमदजई (10) जल्दी-जल्दी पवेलियन लौटे। इब्राहिम जदरान ने 51 गेंदों में 5 चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 72 रन बनाए और अफगानिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। आयरलैंड की तरफ से उपयोग किए गए सभी 6 गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया।

# सुप्रीम कोर्ट से अदाणी पावर को झटका, 50 हजार रुपये का लगा जुर्माना




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अदाणी पावर राजस्थान लिमिटेड (APRL) की याचिका खारिज कर दी। याचिका में अदाणी पावर ने राजस्थान सरकार के मालिकाना हक वाली बिजली वितरण कंपनी जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (JVVNL) से विलंब भुगतान अधिभार (LPS) के रूप में 1300 करोड़ रुपये से अधिक की मांग की थी।

अदालत ने एलपीएस के लिए विविध आवेदन दाखिल करने के उचित नहीं ठहराते हुए कंपनी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदाणी पावर ने विविध आवेदन के माध्यम से JVVNL की याचिका पर 30 अगस्त, 2020 को दिए तीन न्यायाधीशों की पीठ के फैसले में संशोधन की मांग की थी। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस पीवी संजय कुमार ने कहा कि इस प्रकार की राहत (LPS का दावा) एक विविध आवेदन में नहीं मांगी जा सकती है। पीठ ने कहा कि विविध आवेदन को सुनवाई के दौरान स्पष्टीकरण के लिए आवेदन के रूप में वर्णित किया गया है। जस्टिस बोस ने कहा कि APRL को जुर्माने के 50 हजार रुपये सुप्रीम कोर्ट विधिक सहायता समिति में जमा करना होगा। शीर्ष अदालत ने गत 24 जनवरी को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट की पीठ द्वारा न्यायिक आदेश के बावजूद मामले को सूचीबद्ध नहीं करने पर रजिस्ट्री की खिंचाई किए जाने से यह याचिका सुर्खियों में आ गई थी।

**अडानी पावर के शेयरों का हाल**

अडानी पावर का शेयर सोमवार को 0.10 रुपये की मामूली बढ़त के साथ 530.50 रुपये पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में इस शेयर में साढ़े 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। हालांकि, पिछले 6 महीने में शेयर ने निवेशकों को 44 फीसदी का रिटर्न दिया है।

# फ्लेक्सी लोन ओवरड्राफ्ट और पर्सनल लोन में क्या अंतर है? कौन-सा ऑप्शन है आपके लिए बेस्ट

**Flexi Loan Vs Overdraft Vs Personal Loan अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए वर्तमान में कस्टमर के पास कई फाइनेंशियल प्रोडक्ट के ऑप्शन मौजूद है। ग्राहक इन प्रोडक्ट ऑप्शन में से कोई भी एक ऑप्शन को सेलेक्ट करके आसानी से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस आर्टिकल में जानते हैं कि इनमें से कौन-सा ऑप्शन आपके लिए बेस्ट है।**

**नई दिल्ली।** अपने कई सपनों को पूरा करने या फिर आपात स्थिति में कई लोगों को कर्ज का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कई फाइनेंशियल प्रोडक्ट बाजार में मौजूद है, जिनकी मदद से आप आसानी से कर्ज ले सकते हैं।



अपनी व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्सनल लोन के अलावा भी बाजार में कई ऑप्शन मौजूद है। इन ऑप्शन के बारे में कई यूजर्स को जानकारी नहीं है। आज हम आपको कुछ फाइनेंशियल प्रोडक्ट जैसे ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी, फ्लेक्सी लोन और पर्सनल लोन के बारे में बताएंगे। आप इनमें से कोई भी एक अच्छे ऑप्शन को सेलेक्ट करके अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं।

**क्या है ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी**

अगर आपके अकाउंट में पैसे नहीं है पर आपको फाइनेंशियल जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसे की जरूरत है तो आप ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें आप अपने अकाउंट से तब भी पैसे निकाल सकते हैं जब आपके अकाउंट में 0 बैलेंस है। ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी में बैंक एक लिमिट तय करता है। अब उतनी लिमिट तक पैसे निकाल सकते हैं। आप जितना पैसा निकालते हैं बैंक उस हिसाब से ब्याज लेता है। ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी की खासियत है कि कस्टमर जब चाहे इस राशि को चुका सकता है। इसका मतलब है कि राशि को जमा करने की कोई अवधि नहीं होती है। ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी की लिमिट बैंक पहले से ही तय करता है। कस्टमर प्री-अप्रूव्ड ओवरड्राफ्ट लिमिट के हिसाब से ही पैसे निकाल सकता है। ये सुविधा बैंक अकाउंट से लिंक्ड क्रेडिट फैसिलिटी है।

**ड्रॉपलाइन ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी क्या है**

ड्रॉपलाइन ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी भी एक तरह की ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी होती है। इसमें आपके क्रेडिट लिमिट समय के अनुसार कम हो जाती है। एक वक्त आता है जब यह लिमिट शून्य हो जाता है। इसे ऐसे समझिए कि अगर आपका बैंक ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी में 6 लाख रुपये का लिमिट देता है और ड्रॉपलाइन ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी के अनुसार 3 साल का टेन्योर है। ऐसे में आप 1 साल के अंदर एक बार या फिर साल के खत्म होने से पहले कई बार में 6 लाख रुपये निकाल सकते हैं। अगर आप 6 लाख रुपये साल भर में नहीं निकालते हैं तो ड्रॉपलाइन ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी प्लान में एक साल के बाद क्रेडिट लिमिट को 4 लाख रुपये कर दिया जाएगा। इसी तरह दूसरे साल में यह 2 लाख रुपये और तीसरे साल में 0 हो जाएगा। इसका मतलब है कि तीसरे साल में ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी भी शून्य हो जाएगी। ड्रॉपलाइन ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी टर्म लोन और ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी का मिश्रित प्लान होता है।

# 2024-फाल्गुन पूर्णिमा पर इस मुहूर्त में करें स्नान और दान, सुख-समृद्धि में होगी वृद्धि

**हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर श्री हरि विष्णु और चंद्रमा की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही इस दिन स्नान और दान करने का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर शुभ मुहूर्त में स्नान और दान करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है और श्री हरि प्रसन्न होते हैं।**



**नई दिल्ली।** Falgun Purnima 2024-हिंदू कैलेंडर के अनुसार, फाल्गुन माह वर्ष का अंतिम महीना होता है। इसके बाद चैत्र का महीना शुरू होता है। हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर श्री हरि विष्णु और चंद्रमा की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही इस दिन स्नान और दान करने का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर शुभ मुहूर्त में स्नान और दान करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है और श्री हरि प्रसन्न होते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि फाल्गुन पूर्णिमा पर किस शुभ मुहूर्त में स्नान और दान करना फलदायी होता है।

**फाल्गुन पूर्णिमा 2024 स्नान और दान मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा के दिन सुबह 04 बजकर 45 मिनट से लेकर सुबह 05 बजकर 32 मिनट तक आप स्नान और दान कर सकते हैं। फाल्गुन पूर्णिमा की शाम 06 बजकर 44 मिनट पर चंद्रोदय होगा ।

**इस समय से शुरू होगी पूर्णिमा तिथि**

पंचांग के अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ 24 मार्च को सुबह 09 बजकर 54 मिनट पर होगा और इसका समापन 25 मार्च यानी होली के दिन दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर तिथि का समापन होगा। ऐसे में फाल्गुन पूर्णिमा का पर्व 25 मार्च को मनाया जाएगा।

**इन चीजों का करें दान**

सनातन धर्म में किसी विशेष तिथि पर दान करने का विशेष महत्व है। मान्यता है दान करने से इंसान को शुभ फल की प्राप्ति होती है। ऐसे में फाल्गुन पूर्णिमा के दिन आप श्रद्धा अनुसार गरीबों को कपड़े, दक्षिणा, भोजन और अन्न समेत कई चीजों का दान कर सकते हैं। इस खास अवसर पर सुबह स्नान कर पीले वस्त्र धारण करें। क्योंकि श्री हरि को पीला रंग प्रिय है। इसके बाद भगवान विष्णु की पूजा कर खीर का भोग लगाएं। इसके पश्चात कन्याओं में प्रसाद का वितरण करें। माना जाता है कि ऐसा करने से इंसान को सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।

# एक्सपर्ट से जानें अबॉर्शन का फर्टिलिटी पर असर और कितने दिनों बाद दोबारा कर सकते हैं फैमिली प्लॉनिंग




**एक्सपर्ट से जानें अबॉर्शन का फर्टिलिटी पर असर और कितने दिनों बाद दोबारा कर सकते हैं फैमिली प्लॉनिंग**

**एबॉर्शन को लेकर महिलाओं में कई तरह की गलतफहमियां और जानकारी का अभाव है। जिसमें से एक है कि क्या इसके बाद कंसीव करने में प्रॉब्लम आ सकती है? तो ऐसा नहीं है कुछ वक्त बाद आप फिर से फैमिली प्लॉनिंग कर सकती हैं लेकिन इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है जिसके बारे में आज हम जानेंगे।**

**नई दिल्ली।** गर्भपात कराने का फैसला महिलाओं के लिए काफी मुश्किल भरा होता है। इस प्रोसेस को करने से लेकर उसके बाद भी काफी समय तक उन्हें कई तरह की शारीरिक व मानसिक दिक्कतों से गुजरना पड़ता है। मजबूरी या मर्जी से लिए गए इस डिसीजन को लेकर महिलाओं के मन में कई तरह के सवाल होते हैं, जिसमें से एक है कि क्या इसका प्रजनन क्षमता पर कोई असर पड़ता है? साथ ही कई तरह की गलतफहमियां भी फैली हुई हैं, तो आज के लेख में हम इन्हीं सब चीज़ों के बारे में जानने वाले हैं।

**डॉ. संदीप तलवार, फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी,** वंसत विहार बताते हैं कि, गर्भपात का प्रजनन क्षमता पर काफी कम प्रभाव पड़ता है और इसके बाद भी आप आसानी से गर्भधारण कर सकती हैं और सुरक्षित ढंग से बच्चे को जन्म दे सकती हैं। गर्भपात के बाद महिलाओं को कई जटिल और गंभीर स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। खैर यह गर्भपात के तरीके पर भी निर्भर करता है, जिसे वह अपनाते हैं। गर्भपात के दो मुख्य तरीके हैं, मेडिकल और सर्जिकल। मेडिकल अबॉर्शन आमतौर पर पहली तिमाही के दौरान किया जाता है। इसके लिए दवाइयों का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरी तरफ सर्जिकल अबॉर्शन है, जिसे डाइलेशन और क्यूरेटेज (डी एंड सी) भी कहा जाता है। इस तरीके में सक्शन और क्यूरेट नाम के उपकरण से भ्रूण को निकाला जाता है।

मेडिकल अबॉर्शन की तुलना में सर्जिकल अबॉर्शन में कई तरह की जटिलताएं होने की आशंका बहुत ज्यादा होती है। जिसमें गर्भाशय में संक्रमण, गर्भाशय ग्रीवा का फटना या घाव, एशरमैन सिंड्रोम, खून बहना, गर्भाशय में टिश्यू का बरकरार रहना जैसे और भी कॉम्प्लीकेशन शामिल हैं। ब्रैंडा एल श्लोटेन और गोडोलीव सी.एम.एल. पेज क्रिस्टिएंस के अध्ययन के अनुसार अबॉर्शन के लिए सर्जरी और प्रेग्नेंसी के खतरों के बीच कनेक्शन है। प्रीमैच्योर डिलीवरी, गर्भाशय ग्रीवा में पर्याप्त जगह का न होना, प्लेसेंटल का बरकरार रहना और प्रसव के बाद खून बहने जैसी बहुत सारी समस्याएं हैं, जो गर्भपात के लिए सर्जरी कराने से हो सकती है। ध्यान दें कि गर्भपात सबसे ज्यादा सुरक्षित गर्भावस्था के पहले महीनों में होता है।

**प्रजजन क्षमता पर गर्भपात का प्रभाव**

कई रिसर्च में यह सुझाव दिया गया है कि गर्भपात का आमतौर पर प्रजनन क्षमता पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता। मेडिकल तरीके से गर्भपात कराने या गर्भपात की सर्जरी कराने से जुड़े खतरे काफी कम हैं। हालांकि, अगर अबॉर्शन की प्रक्रिया से गर्भाशय में संक्रमण हो जाता है तो इससे दोबारा कंसीव करने में दिक्कत हो सकती है। वैसे मेडिकल अबॉर्शन में इन्फेक्शन होने का खतरा बहुत कम रहता है। सर्जिकल प्रोसेस में इसकी संभावना ज्यादा होती है।

**गर्भपात के कितने वक्त बाद कर सकते हैं कंसीव?**

ज्यादातर मामलों में, गर्भपात का प्रजनन क्षमता पर कोई प्रभावी असर नहीं होता। आमतौर पर अबॉर्शन के बाद मासिक धर्म शुरू हो जाता है, जिसमें 28 दिन के चक्र में अंडे 14वें दिन के आसपास बनते हैं। हालांकि, अलग-अलग व्यक्तियों में मासिक धर्म की लंबाई ज्यादा हो सकती है, जो अंडों के बनने के सटीक समय को प्रभावित करती है।

कई डॉक्टर्स गर्भपात के बाद गर्भधारण करने के लिए कम से कम एक पीरियड्स तक इंतजार करने की सलाह देते हैं, जिससे बॉडी को रिकवर होने का समय मिल सके और इन्फेक्शन का खतरा भी कम हो सके। जो लोग अलग-अलग मेडिकल कारणों से पहले अपना अबॉर्शन करा चुके हों, उन्हें दूसरी बार गर्भधारण करने का प्रयास करने से पहले पूरे शरीर की मेडिकल जांच की सलाह दी जाती है।

इस चेकअप से उन्हें कई परेशानियों का पहले ही पता चल जाएगा, जो भविष्य में गर्भावस्था के दौरान उनके शरीर में उभर सकती है।

# ऑयली बालों से इन टिप्स की मदद से पा सकते हैं छुटकारा



**शैंपू करने के कुछ ही दिनों में बाल गंदे और चिपचिपे नजर आने लगते हैं तो इसके लिए आपको जरूरत है कुछ एक्स्ट्रा देखभाल की। बालों को धोना मुमकिन नहीं हो रहा तो यहां दिए गए उपायों की मदद से आप पा सकती हैं ऑयली बालों से आजादी लेकिन लंबे समय तक ये उपाय न आजमाएं।**

**नई दिल्ली।** लंबे बालों को धोना बहुत ही बड़ा टास्क होता है। इस आलसपन के चलते कई बार महिलाएं हफ्ते- दो हफ्ते में सिर्फ एक ही बार धो पाती हैं, जिससे बाल ऑयली, गंदे और चिपचिपे नजर आते हैं। साथ ही गीले बालों में कंघी, जूड़ा बना लेने से भी बालों की समस्या और ज्यादा बढ़ जाती है। अगर आप चाहती हैं बिना धोए भी बाल खिलेखिले नजर आएं, तो इसके लिए यहां दिए गए उपाय आजमाएं।

**सही ड्राई शैंपू चुनें**

ड्राई शैंपू एक अच्छा ऑप्शन है स्कैल्प को ऑयल फ्री रखने का, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हफ्ते भर शैंपू ही न करें। इसका इस्तेमाल उसी कंडीशन में करें जब आपको कहीं बाहर जाना है और बालों को धोने का वक्त न हो। ड्राई शैंपू हमेशा सोच-समझकर खरीदें और इस्तेमाल करें। प्लांट बेस्ड ऑयल एब्जॉर्बर का इस्तेमाल करने वाले क्लीनर फ़ार्मूले देखें, और सही से उनका इस्तेमाल करें।

**सही ब्रश का इस्तेमाल करें**

सबसे पहले तो गीले बालों पर कंघी करने की आदत छोड़ दें। दूसरा पहले नहीं बल्कि मोटे ब्रश का इस्तेमाल करें। इससे तो बालों को सुलझाना आसान होता है और दूसरा कि इससे बालों में मौजूद नेचुरल ऑयल्स समान रूप से हर जगह डिवाइड कर देता है। चिपचिपे स्कैल्प और सूखे एंड्स को दूर करने में ये ब्रश है काफी मददगार।

**हफ्ते में दो बार स्कैल्प को एक्सफोलिएट करें**

सिर्फ बॉडी को ही नहीं आपके चेहरे और साथ ही साथ स्कैल्प को भी समय-समय पर एक्सफोलिएट करने की जरूरत होती है। इससे स्कैल्प पर जमी गंदगी दूर होती है। जिससे बाहर से अप्लाई किए जाने वाले न्यूट्रिशन सही तरीके से एब्जॉर्ब हो पाते हैं और बाल हेल्दी, शाइनी और मजबूत होते हैं। इसके लिए स्टीमिंग बहुत कारगर है। जो सिर से डेड स्किन, ऑयल और बिल्डअप को हटाने में मदद करता है।

# कॉन्फिडेंस की कमी के चलते मिरर टॉक से दूर करे ये प्रॉब्लम



**नई दिल्ली।** कॉन्फिडेंस आपकी पर्सनैलिटी को निखारने का काम करता है। आपको करियर में आगे ले जाने में मदद करता है और सिर्फ करियर ही क्यों इसकी जरूरत पर्सनल लाइफ में भी पड़ती है। लोगों से कनेक्शन बनाने में, वर्कप्लेस पर अपनी बातों को सामने वाले तक पहुंचाने में कॉन्फिडेंस ही काम आता है। कॉन्फिडेंस बिल्ड करने के लिए लोग कई तरह की क्लासेज और ट्रेनिंग लेते हैं, जो गलत नहीं है, लेकिन कई बार ये काम नहीं करता। वहीं एक ऐसा तरीका है, जिसकी मदद से गारंटी है आप बन सकते हैं कॉन्फिडेंट।

**बढ़ता है आत्मविश्वास**

शीशे में खुद से बात करने का जो सबसे पहला फायदा मिलता है वो है कॉन्फिडेंस बढ़ता है। कई बार कॉन्फिडेंस की कमी से आप नॉलेज होने के बाद भी लोगों से बात नहीं कर पाते, जिससे लोगों को आपके बारे में पता नहीं चल पाता। ये चीज़ आपको करियर में आगे बढ़ने से भी रोकती है, तो इसे बढ़ाने के लिए ज्यादा नहीं, बस 15-20 मिनट मिरर टॉक की प्रैक्टिस करें।

**दूर होता है डर**

कॉन्फिडेंस की कमी के चलते कई बार लोग सोशल कनेक्शन बनाने में भी घबराते हैं, तो मिरर टॉक आपकी ये प्रॉब्लम भी सॉल्व कर सकता है। बात करते वक्त हकलाना, एक ही शब्द को बार-बार दोहराने जैसी कई चीज़ों को आप मिरर टॉक के जरिए दूर कर सकते हैं।

**सेल्फ इस्टीम में इजाफा**

इस प्रैक्टिस से आत्म-सम्मान में भी बढ़ोतरी होती है। आत्म-सम्मान का कनेक्शन आत्म-विश्वास से जुड़ा हुआ है, किसी भी एक चीज़ की कमी दूसरे को भी डाउन करने का काम करती है। पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक में सेल्फ इस्टीम का होना जरूरी है।

इतना ही नहीं आईने में खुद से बात करने से सेल्फ लव की भावना भी बढ़ती है।

# शैतान की चालबाजी में बुरी तरह फंसा योद्धा दुनियाभर में इतनी सी कमाई

***सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म शेरशाह के बाद हाल ही में जब फ्राइडे को योद्धा सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो हर किसी को यही लगा कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर गगर्दा उड़ाएगी। उम्मीद यही जताई जा रही थी कि अजय देवगन की फिल्म शैतान के लिए खतरा बनेगी लेकिन पहले ही वीकेंड पर दुनियाभर में योद्धा की हालत खस्ता होती दिख रही है।***




**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा बीते हफ्ते 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म का जिस तरह से बज बन रहा था, उसे देखते हुए यही अंदाजा लगाया जा रहा था कि मूवी पहले वीकेंड पर ही अजय देवगन की फिल्म शैतान का बंटाधार कर सकती है। हालांकि, गेम बिल्कुल उलटा पड़ता नजर आ रहा है, क्योंकि शैतान के आगे योद्धा का एक वार नहीं चल रहा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पाटनी स्टारर योद्धा की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर हालत तो आपको पता चल चुकी है, लेकिन चलिए जानते हैं कि वर्ल्ड वाइड इस मूवी ने तीन दिन में कितनी कमाई की है।

**योद्धा ने वर्ल्ड वाइड किया तीन दिन में इतना कलेक्शन**

आर्टिकल-370 और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया जैसी फिल्मों को शैतान ने आते ही धूल चटा दी थी, जिसके बाद अजय देवगन की मूवी की टक्कर योद्धा से होने वाली थी। दोनों ही बड़े स्टार्स की फिल्म्स थी, ऐसे में लग रहा था कि बॉक्स ऑफिस का कॉम्पीटिशन बहुत ही तगड़ा होने वाला है। हालांकि, पहले वीकेंड पर तो ऐसा होता नहीं दिखा। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, सिद्धार्थ मल्होत्रा की पेट्रोटिक फिल्म योद्धा ने तीन दिनों में महज दुनियाभर में 13.7 करोड़ तक का ही बिजनेस किया है। फिल्म जिस रफ्तार से दुनियाभर में आगे बढ़ रही है, उसे देखते हुए ये अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं होगा कि योद्धा का दम कभी भी बॉक्स ऑफिस पर निकल सकता है। योद्धा वर्ल्डवाइड फर्स्ट वीकेंड कलेक्शन - वर्ल्डवाइड 13.7 करोड़ रुपए

**ओवर सीज मार्केट 2 करोड़**

**क्या होली होगी योद्धा के लिए फायदेमंद**

सिद्धार्थ मल्होत्रा की एक्शन ड्रामा फिल्म योद्धा की किस्मत आने वाला हफ्ता डिसाइड करेगा, जो सागर आंबरे और पुष्कर ओझा की मूवी के लिए बहुत ही क्रूशियल होने वाला है। क्योंकि अगले सोमवार 25 मार्च की होली है, उससे पहले योद्धा के पास वीकेंड के तीन दिन और एक होली का दिन है, जहां इस फिल्म के पास कमाई करने और शैतान से बॉक्स ऑफिस पर लड़ने का पूरा मौका है। सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा ने ओवरसीज मार्केट में अब तक 2 करोड़ तक का बिजनेस किया है। इस फिल्म में सिद्धार्थ और दिशा पाटनी के अलावा राशि खन्ना ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

# सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर खुलकर बोले रणवीर शौरी, महेश भट्ट को लेकर किया ये बड़ा खुलासा

**एक्टर रणवीर शौरी और पूजा भट्ट का रिलेशन कई बार सुर्खियों में रहा है। इन दिनों रणवीर अपने प्रोजेक्ट सनफ्लावर 2 को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इसके प्रमोशन के दौरान उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी कुछ बातें शेयर कीं। इसी के साथ रणवीर ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़ी भी एक अपडेट शेयर की।**




**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के गलियारों में कई ऐसे किस्से रहे हैं, जो वक्त के साथ गुमनामी में चले जाते रहे। इस इंडस्ट्री में बहुत सी प्रेम कहानियां हैं, जिनके बारे में या तो खुलासे कम हुए हैं या अंदर की बात का जिक्र कम हुआ है। ऐसी ही एक लव स्टोरी रही थी रणवीर शौरी और पूजा भट्ट की।

**रणवीर शौरी ने किया खुलासा**

रणवीर शौरी इन दिनों सनफ्लावर 2 को लेकर चर्चा में हैं, जो हाल ही में रिलीज हुई है। वह इस शो में पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। हाल ही में सनफ्लावर 2 को प्रमोट करने के दौरान उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी कुछ बातें शेयर कीं। रणवीर ने सुशांत सिंह राजपूत पूजा भट्ट और महेश भट्ट को लेकर कुछ खुलासे किए। सुशांत की मौत पर बोले रणवीर शौरी 3रणवीर शौरी ने कहा कि इंडस्ट्री में करियर खराब करना और लोगों को किनारे करने का काम बहुत आम बात है। रणवीर ने कहा कि उनके खिलाफ साजिशें हुई हैं। सुशांत सिंह राजपूत के साथ भी यह हुआ था। यह सब कोई ऑन रिकॉर्ड नहीं बोलेगा, लेकिन ऑफ रिकॉर्ड सब बोलेंगे। मैं ऑन रिकॉर्ड कह सकता हूं, मुझे कोई परेशानी नहीं है। किसी के खिलाफ गैंग बनाना, उन्हें किनारे कर देना, बेइज्जत करना, यहां ये सब होता है और ये सच बात है। रणवीर शौरी ने सुशांत के साथ %सोनचिरैया% में काम किया था। उन्होंने कहा कि दिवंगत एक्टर के साथ उनका अच्छा बॉन्ड बन गया था। दोनों साइंस पर बातें किया करते थे।

**पूजा भट्ट और महेश भट्ट को लेकर भी बोले रणवीर शौरी**

इसी के साथ रणवीर ने महेश भट्ट और पूजा भट्ट को लेकर भी बात की। एक जमाने में रणवीर के पूजा के साथ अफेयर के चर्चे तेज थे। उन्होंने कहा, %%मैं महेश भट्ट का बहुत सम्मान करता था, उनकी इज्जत करता था। लेकिन इस चीज का मेरे ऊपर गलत इस्तेमाल किया गया। मेरे साथ गलत व्यवहार हो रहा था। मुझे मैनिपुलेट किया गया। उन्होंने कहा कि पूजा भट्ट को डेट करने के बाद उन्हें कुछ चीजों के बारे में पता लगा। हालांकि, इस पर उन्होंने खुलकर बात नहीं की।

# डाइटिंग करके नहीं, बल्कि इन सब्जियों का जूस पीकर घटाएं तेजी से वजन

**नई दिल्ली।** वजन घटाने के लिए ज्यादातर लोग डाइटिंग का तरीका अपनाते हैं, लेकिन खुद को भूखा रखना वजन घटाने का बिल्कुल भी सही तरीका नहीं होता। इससे क्रेविंग और ज्यादा बढ़ती है और फिर आप जब इसे कंट्रोल नहीं कर पाते, तो जो हाथ लगता है उसे खाकर पेट भरने की कोशिश करते हैं। पेट की चर्बी कम करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है फलों व सब्जियों का जूस पीना, तो कौन सी सब्जियों का जूस इसमें है कारगर, जानते हैं।

**लौकी का जूस**

लौकी में विटामिन, क्रऔर ष्ट के साथ ही अन्य कई जरूरी मिनरल्स भी पाए जाते हैं। जो पाचन को दुरुस्त रखते हैं जिससे पेट की समस्याएं दूर रहती हैं। इसके अलावा लौकी का जूस फाइबर, प्रोटीन और पोटेशियम से भरपूर होता है, जिसकी वजह से यह बॉडी में फैट को कम करता है। इसे पीने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**पालक का जूस**

पालक कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर बेहद फायदेमंद सब्जी है, जिसे खाने या इसका जूस बनाकर पीने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। पालक में विटामिन, खनिज, प्रोटीन और फाइबर मौजूद होते हैं। पालक के जूस में कैलोरी की भी मात्रा काफी कम होती है, तो इसे अपनी डाइट में शामिल करने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

**खीरे का जूस**

गर्मियों में खीरा खाने से पेट और शरीर दोनों ठंडे रहते हैं। खीरे के जूस में कई सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसका जूस पीने से बॉडी हाइड्रेट रहता है, पाचन से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं और वजन भी कंट्रोल में रहता है। इतना ही नहीं खीरे का जूस पीने से स्किन पर भी ग्लो आता है।

**गाजर का जूस**

लगभग हर एक मौसम में मिलने वाला गाजर फाइबर, विटामिन के साथ और कई दूसरे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। गाजर में पेक्टिन होता है, जो एक घुलनशील फाइबर है। यह शरीर में ब्लड शुगर को कम करता है और डायबिटीज जैसी समस्याओं के खतरों को कम करता है।

गाजर का जूस पीने से पाचन क्रिया दुरुस्त होती है और वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

# इन चीज़ों की मदद से घर में आसानी से तैयार कर सकते हैं होली के सूखे व गीले रंग



**नई दिल्ली।** होली में रंग व गुलाल से खेलने में तो बहुत मजा आता है, लेकिन जब बात इसे छुड़ाने की आती है, तब शुरू होती है असली जद्दोजेहद। मार्केट में मिलने वाले केमिकल युक्त कलर्स एक तो जल्दी उतरते नहीं और दूसरा इनसे रैशेज, खुजली, बर्निंग जैसी समस्याएं भी परेशान कर सकती हैं। अगर आप होली में नहीं करना चाहते इन परेशानियों का सामना, तो इस बार घर में ही तैयार करें होली के लिए सूखे व गीले रंग। बहुत ही कम मेहनत और वक्त में बना सकते हैं आप होली के रंग व गुलाल। जान लें यहां कैसे।

**ऐसे बनाएं नीला रंग**

होली पर पहने जाने वाले सफेद रंग के कपड़ों पर डार्क रंग बहुत खिलते हैं और इनमें फोटोज़ भी अच्छी आती है। नीला रंग बनाने के लिए आपको चाहिए अपराजिता के फूल। इन फूलों को दो से तीन दिनों तक अच्छे से धूप में सुखा लें। चावल को भी धोकर अच्छे से सुखाना है। फिर इन दोनों को मिक्सी में पीस लें। तैयार हो गया नेचुरल नीला कलर।

**ऐसे बनाएं मजेंटा रंग**

मजेंटा रंग बनाने के लिए फूल नहीं बल्कि आपको चाहिए चुकंदर। इसे काटकर पानी में भिगो दें। सुबह इस मिश्रण को उबाल लें।

**ऐसे बनाएं पीला रंग**

होली के लिए पीला रंग का गुलाल बनाना है बेहद आसान। इसके लिए बराबर-बराबर मात्रा में हल्दी पाउडर मिलाएं। एक तरीका ये है, दूसरा तरीका है गेंदे या पीले गुलदाउदी को सुखाकर इसे सूखा पीस लें और इसमें हल्दी पाउडर मिला लें। गीले कलर चाहिए तो इसमें पानी मिला लें।

**ऐसे बनाएं हरा रंग**

हरा गुलाल बनाने के लिए मेहंदी पाउडर का इस्तेमाल करें। इससे बनने वाला गुलाल त्वचा के लिए तो अच्छा होता ही है साथ ही इससे सौंधी-सौंधी खुशबू भी आती है। मेंहदी पाउडर में हल्का चंदन पाउडर मिक्स कर सकते हैं।

**ऐसे बनाएं लाल रंग**

होली के लिए लाल गुलाल बनाने के लिए आप गुड़हल, गुलाब और पलाश इन तीनों का फूल इस्तेमाल कर सकते हैं। इन फूलों को अच्छे से धूप में सुखा लें फिर इन्हें पीसकर पाउडर बना लें। चाहें तो इसमें चावल का आटा या चंदन पाउडर भी मिक्स कर सकते हैं।

# 13 साल पहले हुई थी इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे की शुरुआत, दुनिया में सबसे खुशहाल है ये एक देश

**हर साल मार्च के महीने में इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के लिए 20 मार्च का दिन चुना गया है क्योंकि इस दिन इक्विनॉक्स होता है। इस दिन यूएन हैप्पीनेस इंडेक्स भी रिलीज करता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 2013 में हुई थी। जानें कैसे हुई इस दिन को मनाने की शुरुआत और कौन सा देश दुनिया का सबसे खुशहाल देश है।**

**नई दिल्ली।** International Happiness Day: हर साल 20 मार्च को दुनियाभर में इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस (International Day श्द्ध Happiness) मनाया जाता है। इस दिन हर साल यूएन अपनी हैप्पीनेस रिपोर्ट रिलीज करता है। इस दिन के जरिए, लोगों की मेंटल हेल्थ और खुशी को प्राथमिकता देने पर जोर दिया जाता है। हैप्पीनेस रिपोर्ट के माध्यम से यह दिखाने की कोशिश की जाती है कि किस देश में लोग कितने खुश हैं। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य ही यह है कि सरकारें अपनी रणनीतियों में अपनी जनता की खुशी और वेल बींग को ध्यान में रखते हुए काम करें।

**11 साल पहले हुई शुरुआत**

इस दिन को मनाने की शुरुआत 11 साल पहले, 2013 में हुई थी। साल 2011 में यूएन एडवाइजर जेम इलियन में यूएन की महासभा में हैप्पीनेस डे मनाने का प्रस्ताव रखा और इस दिन को मनाने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। इसके बाद साल 2012 में यूएन में हैप्पीनेस को लेकर पहली जनरल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस कॉन्फ्रेंस में 20 मार्च को इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

**भूटान ने दिया था प्रस्ताव**

इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे मनाने का प्रस्ताव भूटान के राजा ने रखा था। उन्होंने 12 जुलाई 2012 को यूएन में हैप्पीनेस डे मनाने के लिए एक रिजॉल्यूशन पास किया। इस रिजॉल्यूशन को भूटान के राजा जिग्मे खेसर वांगचुक ने रखा था। दरअसल, उस समय भूटान अपनी सीमाएं विदेशी लोगों को लिए खोल रहा था और वहां के राजा का मानना था कि लोगों की खुशी देश की आर्थिक स्थिति पर निर्भर नहीं करती है। 1970 के दशक में भूटान दुनिया का पहला देश था, जिसने जीडीपी से ज्यादा लोगों की हैप्पीनेस को महत्व दिया।

इसलिए आज भूटान में हैप्पीनेस इंडेक्स को काफी महत्व दिया जाता है। वहां जीडीपी (Gross Domestic Product) को हमेशा हैप्पीनेस इंडेक्स के बाद रखा जाता है। इस कारण ही हैप्पीनेस इंडेक्स में भूटान दुनिया के टॉप 10 देशों में अपनी जगह रखता है और एशिया का सबसे खुशहाल देश माना जाता है।

**क्यों 20 मार्च को मनाया जाता है इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे**




इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे को मनाने के लिए 20 मार्च को चुनने के पीछे एक बेहद खास कारण है। दरअसल 20 मार्च को इक्विनॉक्स होता है। इक्विनॉक्स के दिन सूरज भूमध्य रेखा के बिल्कुल ऊपर होता है, जिस कारण दिन और रात एक बराबर होते हैं। हर साल दो इक्विनॉक्स होते हैं। दूसरा इक्विनॉक्स 23 सितंबर को होता है।

**क्या है इस साल की थीम?**

हर साल इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे के लिए अलग थीम चुना जाता है। इस साल की थीम रीकनेक्टिंग फॉर हैप्पीनेस बिल्डिंग रेसिलिएन्ट कम्यूनिटीज है। इस थीम के मकसद ऐसी कम्यूनिटीज के तैयार करना है, जो हर प्रकार की दिक्कतों का सामना कर सके और खुश रहे। ऐसे ही हर साल अलग थीम चुनी जाती है, ताकि इसके जरिए हर व्यक्ति हैप्पीनेस डे में शामिल हो सके और उनकी खुशियों का ध्यान रखने के लिए काम किया जा सके। पिछले साल 2023 की थीम %बी माइंडफुल एंड ग्रेटफुल% थी।

**कौन है दुनिया का सबसे खुशहाल देश?**

हर साल 20 मार्च को यूएन हैप्पीनस डे पर अपने सदस्य देशों की हैप्पीनेस रिपोर्ट निकालता है। इस सूची में 146 देश शामिल होते हैं। इस रिपोर्ट को बनाने के लिए अलग-अलग मानकों को ध्यान में रखा जाता है।

साल 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत 126 स्थान पर था। वहीं इस लिस्ट में फिनलैंड को पहला स्थान मिला था।

फिनलैंड की खास बात यह है कि यह पिछले 6 सालों से हैप्पीनेस इंडेक्स में पहले स्थान पर है, यानी वह पिछले 6 सालों से दुनिया का सबसे खुशहाल देश है।

# Vicky Kaushal संग काम करेंगी तृप्ति डिमरी वीडियो शेयर कर एक्टर ने दिया ये बड़ा हिंट



**एनिमल में कुछ मिनटों का रोल करने के बाद तृप्ति डिमरी सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब हाल ही में विक्की कौशल ने भी एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और पंजाबी सिंगर एमी विर्क संग नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक्टर ने अपने फैंस से एक सवाल भी पूछा है। क्या ये स्टार्स किसी प्रोजेक्ट में एक साथ दिखाई देने वाले हैं।**

**नई दिल्ली।** विक्की कौशल ने सोमवार 18 मार्च को अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर हलचल बढ़ा दी है। इस वीडियो में एक्टर, तृप्ति डिमरी और पंजाबी सिंगर एमी विर्क के साथ नजर आ रहे हैं, जिसे देखने के बाद हर कोई यह अंदाजा लगा रहा है कि क्या ये तीनों किसी फिल्म में साथ दिखाई देने वाले हैं।

**साथ दिखे विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी**

विक्की कौशल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। सबसे पहले विक्की वीडियो में कहते हुए नजर आते हैं कि वो यहां किसी गाने पर रील बनाने नहीं आए हैं। यहां मैं खबर शेयर करने आया हूं तृप्ति और एमी के साथ। अब हमारे पास एक गुड न्यूज है और बैड न्यूज। आप लोग पहले क्या जानना चाहोगे। इसके बाद विक्की कौशल की बातें सुनकर तृप्ति कहती हैं गुड न्यू। वहीं, एमी बोलते हैं बैड न्यूज। फिर विक्की कहते हैं कि मैं आपसे नहीं पूछ रहा था, मैं ऑडियंस से पूछ रहा था। विक्की के इस सवाल ने हर किसी को चक्कर में डाल दिया है।

वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, खबरों से भरी दुनिया में, हमारे पास आपके लिए दो तैयार हैं, लेकिन आप सबसे पहले किसे पसंद करेंगे, अच्छी खबर या बुरी खबर। नीचे कमेंट करके हमें बताएं। हालांकि, एक्टर ने ये नहीं बताया कि यह क्या खबर है। यह किसी ब्रांड का प्रमोशन भी हो सकता है। अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

**यूजर्स ने पूछे ये सवाल**

जैसे ही विक्की ने वीडियो शेयर किया, उसके बाद लोग एक्टर से कमेंट सेक्शन में सवाल करने लग गए। किसी ने पूछा कि क्या वह अगले एनिमल पार्क में विलेन बनने वाले हैं। वहीं, कुछ लोगों ने लिखा कि पहले गुड न्यूज जाननी हैं।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# म्हारा सांवरिया सिर मोर मीरा का नंद किशोर- खाटू श्याम भजन संध्या देर रात तक खूब जमीं







**राजस्थानी भजन गायक कलाकार गोकुल शर्मा ने सांवरिया के भजनों पर खूब वाह वाही लुटी, हजारों का जनसैलाब उमडा, गुलाब के फूलों से महक उठा भक्ति पांडाल**

**नीमच।** म्हारा सांवरिया सिर मोर मीरा का नंद किशोर..., म्हारा सांवरिया सेठ कहां हो गया लेट मेरा सब काम करता सेट..., आदि विभिन्न करण प्रिय मधुर भजनों की प्रस्तुति दी तो उपस्थित जन सैलाब झूम उठा। अवसर था शहर के तिलक मार्ग स्थित श्री प्राचीन श्याम मंदिर पर पांच दिवसीय रंग रंगीला फाग महोत्सव की पावन श्रृंखला में श्री श्याम चौक पर सोमवार 18 मार्च रात्रि 10 बजे आयोजित खाटू श्याम भजन संध्या का। इस अवसर पर श्याम जगत के प्रख्यात भजन गायक कलाकार गोकुल शर्मा ने हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा... श्याम भक्तों को खाटू नरेश से जुड़े एक से बढ़कर एक मधुर राजस्थानी और मेवाड़ी भजनों की प्रस्तुति दी जिस पर श्रोता मंत्र मुग्ध होकर झूम उठे।कार्यक्रम में गोकुल शर्मा ने श्रद्धालु श्याम भक्तों की मांग पर म्हारा बैंक मैनेजर बन जाओ प्यारा सेठ सांवरिया ... राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे राम आएंगे राम आए सबकी झोपड़ी के भाग खुल गए हैं घर-घर भगवा छाया है..., राम बनियों राजा राम, बनियों वकील ,जज ,बनियो तब जाकर राम मंदिर बनियों , तब राम मंदिर को फैसला आयों राम भक्ता के पक्ष में..., सांवरिया सेठ दे दे हरि कृपा दे दे...., भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्त प्रसन्न होकर झूम उठे।श्रद्धालु भक्तों ने जय श्री श्याम जय श्री राम की जय घोष लगाई। इसअवसर पर प्रत्येक भजन की प्रस्तुति पर तोप से गुलाब के फूलों की पुष्प वर्षा भी की गई। पंडाल गुलाब की खुशबू से महक उठा। भजन संध्या का विशाल मेगा स्क्रीन पर लाइव प्रसारण भी किया गया।भजन संध्या का भक्ति पांडाल आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया था।पहली बार किले की तरह आकर्षक प्रवेश द्वार भी बनाया गया। श्रद्धालु भक्तों के लिए ठंडा पानी की व्यवस्था भी की गई। फाग महोत्सव की श्रृंखला में खाटू श्याम बाबा मंदिर पर विभिन्न धार्मिक पूजा अर्चना भजन कीर्तन के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहे हैं। प्राचीन खाटू श्याम मंदिर को दिल्ली और कोलकाता से मंगाए गए विशेष फूलों सेआकर्षक विद्युत साज सजा से श्रृंगारित किया गया। संध्या देर रात तक खूब जमीं।हजारों की संख्या में श्याम भक्त प्रेमी उपस्थित थे ।मंदिर के पास ही ज्ञान मंदिर महाविद्यालय मार्ग की ओर खेल खिलौने मनिहारी और खाद्य पदार्थों की दुकान भी मेले के रूप में सजाई गई थी। उल्लेखनीय है की यह मेला 3 दिन और चलेगा। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# अलौकिक सजा साईं दरबार, भक्तों ने लिया सुख समृद्धि का आशीर्वाद



**नीमच।** गोमाबाई नेत्रालय के सामने श्री साईं दूध पार्लर के पास 16वीं साईं भजन संध्या का आयोजन रात्रि को आयोजित किया गया। भजन संध्या में साईं भजन जगत के प्रख्यात भजन गायक कलाकार कृपा पटेल, अशरफ भाई एंड पार्टी नीमच ,फारुख भाई, दीपक अरोड़ा , असलम भाई ,आमिर , अख्तर भाई आदि द्वारा साईं भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर साईं बाबा का अलौकिक मंगल ज्योत का भव्य दरबार बाबा खाटू श्याम की तरह विशेष फूलों , हरसिंगार के सुनहरी पेड़ , सात रंगों की ध्वजा भगवा ध्वज तथा फुलो से सजाया वहीं दूसरी ओर रंग बिरंगी दूधिया रोशनी से भक्ति पांडाल आकर्षण का केंद्र रहाऔर यज्ञ में महामारी से बचाव के लिए वैदिक मंत्रोचार के साथआहुति देकर सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। गूगल की महक से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए और मन पवित्र होने का अनुभव किया। भक्ति पांडाल साईं की जय घोष से गूंज उठा। भजन संध्या का शुभारंभ दीपक अरोड़ा ने गणपति वंदना से किया । भजन गायिका कृपा पटेल ने गणपति मंत्र के साथ भजन संध्या का शंखनाद किया। इस अवसर पर कृपा पटेल ने मेरे सिर पर रख दो बाबा अब तेरे ये दोनो हाथ ...सीरडी वाले सांई.. दिवाना तेरा आया है ...सारे जहां के मालिक...तुम एक कदम चलो...,साईं राम सांई राम बाबा तेरी भक्ति का हुआ यह असर है जिधर देखते हैं तो आता नजर है...आएंगे मेरे साईं तू दिल से बुला कर देख... खाटू रा मंदिर में उड़े रे गुलाल छायो रंग केसरियो ....आदि भजन प्रस्तुत किए तो श्रद्धालु झूम उठे , मेरे बाबा आए हैं ...भजन फारुख भाई बाबला ने ओम साईं राम मेरे शिरडी वाले साईं राम जग में तेरा डंका बाजे साईं का दरबार साईं सजाते हैं... सारी दुनिया में हम दोनों का अंदाज निराला है.. दीपक अरोड़ा ने एक दूसरे से करते हैं प्यार हम.. ... अशरफ भाई ने शिर्डी में दीवाना हो गया... आदि भजन प्रस्तुत किये तो श्रद्धालु झूम उठे । साईं का अभिषेक पूजा अर्चना पंडित राम अवतार शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ करवाई गई।भजन संध्या का संचालन दीपक अरोड़ा ने किया तथा आभार मनोज सिंहल ने माना ।आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें-श्री जैन



**कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें-श्री जैन कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया**

**नीमच।** म.प्र.माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण कर कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सोमवार को जायजा लिया। कलेक्टर ने शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय नीमच नगर पर स्थित मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण कर मूल्यांकन कर्ताओं द्वारा किए जा रहे, मूल्यांकन कार्य का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री जैन ने कहा, कि बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में पूरी सावधानी रखी जाए। गोपनीयता का विशेष ध्यान रखें और पूरी निष्पक्षता के साथ मूल्यांकन कार्य किया जाए। मूल्यांकन कार्य में माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद व अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## आबकारी विभाग ने 30 लीटर शराब व 700 किलो महुआ लहान जप्त किया



**डिगावमाली में 105 पाव प्लेन मदिरा, 56 पाव मसाला मदिरा व 26 बियर केन जप्त किये**

**मंदसौर।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी मंदसौर द्वारा बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अवैध शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम शक्करखेड़ी में दबिश देकर 30 लीटर हाथभट्टी शराब एवं लगभग 700 किलों महुआ लहान जप्त कर नष्ट कर प्रकरण दर्ज किया गया। ग्राम डिगावमाली से साहिबी बाई के कब्जे से 105 पाव देशी मदिरा प्लेन, 56 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 26 बियर केन जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(1) में प्रकरण दर्ज किया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह गरवाल, कर्मेंद्र सिंह सांवले तथा आबाकरी आरक्षक उपस्थित थे।

## केन्द्र की 10 वर्ष से मोदी शासन में महंगाई में वृद्धि हुई- बोराना

**नीमच।** लोकसभा चुनाव के पूर्व महंगाई बेरोजगारी, गरीबी और भ्रष्टाचार के नाम पर खूब बढ़ चढ़ कर भाषणबाजी कर पूरे देश में नित्य नये तरीकों से जोर शोर से प्रचार-प्रसार कर जनता को अच्छे दिन लाने का सपना दिखाकर झूठ का सहारा लेकर सत्ता पर काबिज होकर मोदीजी के 10 वर्ष से सरकार चलाते हो गए है किन्तु महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार कम होने की जगह इसमें निरनतर बढ़ोतरी हो रही है व अब केन्द्र की मोदी सरकार इन सबसे बेखबर होकर मूकदर्शन बनी हुई है मोदी सरकार द्वारा जनता को जन धन योजना के नाम बैंक मे खाते खुलवाने हेतु उन्हें प्रेरित कर धनवान बनाने के नाम पर जनता को गुमराह कर रही है जो इनके साथ सरासर नाइंसाफी है। उक्त वक्तव्य प्रेस नोट जारी करते हुए कांग्रेस जिला महामंत्री दुर्गाशंकर बोराना ने कहा कि केन्द्र की 10 वर्ष से मोदी शासन में महंगाई में वृद्धि हुई है बेरोजगारों को निराशा ही हाथ लगी है भ्रष्टाचार का बोल बाला रहा है गरीबों के हित में ठोस कारगर कदम उठाने की बजाये उन्हें बैंक में खाता खलुवाने हेतु प्रेरित कर धनवान बनाने के नाम पर उनका मजाक उड़ाया जा रहा है बोराना ने कहा कि जिस धन जन की योजना का ढ़िढोरा पीटा जा रहा है उसकी वास्तविकता कुछ और ही है बोराना ने कहा क्या बैंक में खाता खुलवाने से देश धनवान बन जायेगा क्या उसके पास रोजगार का अभाव नहीं है क्या वे महंगाई की मार नही झेल रहे है फिर कहाँ से जनता के पास धन आयेगा।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ




**मंदसौर।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है।

साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

# गेहूँ उपार्जन के पंजीकृत किसानों से चर्चा कर 10 दिन में उपार्जन कार्य पूरा करवाएं-श्री जैन

**कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों के निराकरण की बैठक में दिए निर्देश**



**नीमच।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए पंजीकृत सभी किसानों को एसएमएस, मोबाईल संदेश एवं चर्चा कर उन्हें उपार्जन केंद्रों पर गेहूँ लाने के लिए प्रेरित कर 10 दिन में उपार्जन का कार्य पूरा करवाएं। यह निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सहकारिता कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारी को दिए।

कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिए कि सभी उपार्जन केंद्रों पर गेहूँ उपार्जन के लिए आने वाले किसानों की उपज के तौल , भण्डारण, उपार्जन केंद्रों पर छाया, पेयजल आदि की आवश?यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर दिनेश जैन ने टीबी मुक्झत भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि टी.बी.मरीजों की जांच की संख्या बढ़ाये और प्रयास करें कि जिले को शीघ्र अतिशीघ्र टी.बी.मुक्त घोषित किया जा सके। सम्पूर्ण स्वास्थ्य अमला जिले को टी.बी.मुक्त बनाने पर विशेष फोकस करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद , एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक?टर राजेश शाह, सुश्री प्रीती संघवी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्ष रहे, निष्पक्षता प्रदर्शित भी हो-श्री जैन




**कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवायें-कलेक्टर कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**

**नीमच।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लागू आर्दश आचरण संहिता का सभी कडाई से पालन सुनिश्चित करें। स्तंत्रत, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए यह जरूरी है, सभी अधिकारी कर्मचारी निष्पक्ष रहेऔर उनकी निष्पक्षता प्रदर्शित भी हो।
यह निर्देश कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदर्श आचरण संहिता के क्रियान्वयन एवं पालन संबंधी बैठक में सभी जिला अधिकारियों को दिये।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद, एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर राजेश शाह, सुश्री प्रीती संघवी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, नेशनल लेवल मास्टर टेनर डॉ.राजेश पाटीदार एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने आदर्श आचरण संहिता के प्रमुख बिन्दुओं से अवगत कराते हुए कहा कि अधिकारीगण अच्छे से आयोग के निर्देशों का अध्ययन करलें। राजनैतिक दल या उम्मीदवार द्वारा चुनाव प्रचार में अन्य राजनैतिक दलों की नीतियों की आलोचना, कार्यक्रमों और कार्यों तक ही समिति होना चाहिए। व्यक्तिगत जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना नहीं करना चाहिए।जिसका संबंध अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक क्रियाकलाप से न हो। मत प्राप्त करने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही मंदिरों, मस्जिदों, गिरजाघरों या अन्य पूजा स्थलों का निर्वाचन प्रचार के लिए मंच के रूप में उपयोग नहीं होना चाहिए।

बैठक में बताया गया, कि जिले के संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर इन्टरनेट एवं वेब कैमरों के माध्यम से कड़ी निगरानी की जाएगी। मतदान के दिन इन केन्द्रों पर न केवल जिलास्तर से बल्कि मुख्य चुनाव आयुक्त तक हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। इसके लिए वेब कास्टिंग का कार्य करवाया जा रहा हैं। साथ ही बार्डर चेक पोस्ट पर भी सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जा रहे है। कलेक्टर ने सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सभी से उनका पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा, कि जिला स्तरीय मीडिया मानिटरिंग कमेटी द्वारा प्रतिदिन राजनैतिक खबरों और विज्ञापनों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जायेगी है। यदि किसी समाचार पत्र में पेड न्यूज पाई गई तो समिति संज्ञान में लेकर उसका खर्च अभ्यर्थी या पार्टी के खाते में जोड़ेगी। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक न्यूज चैनलों की मानिटरिंग के लिए भी दल गठित किए गए हैं। प्रिंट मीडिया, केबल नेटवर्क या न्यूज चैनल पर खबर या विज्ञापन देने से पहले अभ्यर्थी जिलास्तरीय समिति से प्रमाणन प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

मास्टर टेनर्स डा.राजेश पाटीदार ने आयोग के जारी निर्देशानुसार पीपीटी के माध्यम से आचरण सहिंता के बारे विस्तार से जानकारी दी। डॉ.पाटीदार ने आयोग की पूर्वानुमति प्राप्त करने , वाहनों के उपयोग, पार्टी पदाधिकारियों के लिए वाहन की अनुमति, प्रचार में बाइक एवं झण्डे का उपयोग, रोड शो, स्कूल ग्राउण्ड एवं लोक संपत्ति का प्रचार के उपयोग पर प्रतिबंध, राष्ट्रीय ध्वज, पार्टी ध्वज का उपयोग वाहनों पर लगने वाले बेनर, झण्डों के आकार एवं संख्या, लाउड स्पीकर का उपयोग, पम्पलेट पोस्टर आदि का मुद्रण, निजी संपत्ति का विरूपण, शासकीय संपत्ति का विरूपण, संपत्ति विरूपण हटाने के लिए समय सीमा आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

# आयकर विभाग कैश ट्रांसफर की बहुत अच्छे से निगरानी करें -कलेक्टर

**जिला स्तरीय प्रवर्तन कार्यवाहियों की समन्वय बैठक संपन्न**




**मंदसौर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 जिला स्तरीय प्रवर्तन कार्यवाहियों की समन्वय बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एडिशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी, साथ ही नारकोटिक्स विभाग, आबकारी विभाग, आयकर विभाग, पोस्ट ऑफिस, रेलवे, वाणिज्कर विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।
बैठक के दौरान कलेक्टर श्री यादव द्वारा बताया गया कि कैश ट्रांसफर पर आयकर विभाग सघन निगरानी रखें। 10 लाख रुपए से अधिक के ट्रांजैक्शन की जांच की जाए। एक दिन में एक अकाउंट से ज्यादा अगर ट्रांजैक्शन होते हैं उसको भी देखा जाए। पुलिस अधीक्षक श्री सुजनिया द्वारा कहा गया कि सभी लोग मिलकर कार्यवाही करें। कैश ट्रांसफर को प्रतिदिन देखें। मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कारकों में अवैध शराब बांटना, तस्करी, हथियार, नगदी, ड्रग, मोबाइल रिचार्ज, डोडा चूरा, खाद्यान्न देना, भोजन देना, लोन देना, पेड न्यूज शामिल है। लोकसभा चुनाव में अभ्यर्थी के खर्च की सीमा 95 लाख रुपए है। इसकी निगरानी के लिए वीएसटी टीम साक्ष्यों को रिकॉर्डिंग करेगी। उनकी जांच करेगी। खाना, वाहन, रैली जहा चल रहा है उसकी रिकॉर्डिंग करेगी।
वहीं वीवीटी टीम कार्यों का अवलोकन करेगी और रिपोर्ट तैयार करेगी। लेखा टीम लेखा संधारण का संपूर्ण कार्य को देखती हैं।
एफएसटी टीम विधानसभा अनुसार आचरण संहिता को उल्लंघन पर कार्यवाही करती है, वहीं एसएससी टीम नाकों पर कार्यवाही करेगी तथा सीजर का काम करेगी। धार्मिक आयोजन के कार्यक्रमों पर लगातार निगरानी की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपने सेपरेट बैंक खाता खुलवाने होंगे। इसके लिए सभी बैंकों को विशेष तौर पर ध्यान रखना है। 10 हजार से अधिक के कैश लेन देन पर भी निगरानी रखनी होगी।

### केम्पस एंबेसडर एवं शिक्षकों की कार्यशाला सम्पन्न

**नीमच।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कैंपस एंबेसडर और नोडल शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मनोज जैन ने ईएलसी क्लब और कैंपस एंबेसडर की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा और सहायक संचालक श्री एस.एम.मांगरिया द्वारा उपस्थित कैंपस एंबेसडर छात्र और नोडल शिक्षकों से चर्चा कर, मार्गदर्शन दिया। उपस्थित एम्बेसडर विद्यार्थियों के साथ फोटो सेशन के पश्चात कार्यशाला समाप्त हुई।

### मदिरा दुकाने 25 मार्च को बंद रखने का आदेश

**नीमच।** कलेक्टर श्री दिनेश द्वारा म.प्र आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 25 मार्च 2024 को होली (धुलेण्डी) का त्यौहार होने के कारण शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने एवं प्रशासकीय लोकहित में नीमच जिले में स्थित समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानो, एफ.एल-2 रेस्तरां बार, एफ.एल.-6 थोक सैनिक केंटीन एवं एफ.एल.7 फुटकर सैनिक केंटिन को 25 मार्च 2024 को दोपहर 2 बजे तक के लिये बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त अवधि में मंदिरा का विक्रय परिवहन संग्रहण प्रतिबंधित किया गया है। अत: उक्त आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है ।

### ग्राम दांतोली में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**नीमच।** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ गुरूप्रसाद एवं एसडीएम पवन बारिया के आदेशानुसार ग्राम पंचायत दांतोली के दूरस्थ ग्राम बोरखेडा में मतदाता जागरूकता के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम बोरखेडा में आजीविका मिशन के महिला स्व-सहायता समूहों की दीदीयों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। नवीन मतदाता का सम्मान किया गया।बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया गया। दिव्यांगवोटर का सम्मान कर उनको मतदान करने हेतु प्रेरित किया। मतदान प्रतिशत बढाने के लिये मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। जिस पर ग्रामवासियों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प पंचायत समन्वयक अधिकारी गोपाल परिहार जनपद पंचायत मनासा एवं विकासखण्ड प्रबंधक नरेन्द्र परमार, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक कमल भुरिया, महेन्द्र अलावा, दीपक डावर म.प्र.डे, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दिलाई गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता आदि सभी से प्रतिदिन कार्यक्रम जैसे रंगोली प्रतियोगीता, मेहन्दी, रेली, स्कूलो में बच्चो की प्रतियोगिताएं आदि के अंतर्गत गतिविधि करने के निर्देश दिए गए। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद मनासा श्री अरविन्द डामोर ने बताया, कि मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया।

### तख्तियों के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा हैं जागरूक

**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित हो रही हैं। जिले में मतदाताओं को तख्तियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक किया जा रहा हैं साथ ही उन्हें दूसरों को मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा हैं। मतदाता जागरूकता की शपथ हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।